BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 04 सितम्बर, 2024 **थाना पहासू**

लूट की झूठी सूचना देने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से गबन किये हुए 44,060/- रूपये व 01 मोबाईल फोन बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 29.08.2024 को नवीन चौधरी पुत्र धर्मेन्द्र चौधरी निवासी ग्राम पैगम्बरपुर थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर जो मिडलैण्ड माइक्रोफिन लिमिटेड कम्पनी के कलेक्शन ऑफीसर के पद पर कार्यरत था, ने डायल 112 पर सूचना दी कि थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के ग्राम त्यौरी - पहासू रोड पर वैगनआर सवार अज्ञात बदमाश उससे कस्टमर की किस्तो के रूपये व एक मोबाईल फोन लूट कर ले गये है।

उक्त घटना के क्रम में जाँच/छानबीन, सीसीटीवी फुटेज व तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर उक्त सूचना झूठी पायी गयी तथा यह तथ्य प्रकाश मे आया कि नवीन चौधरी उपरोक्त द्वारा लूट की झूठी योजना बनायी गयी थी तथा योजनानुसार कस्टमर की किस्त के रूपये व एक मोबाइल फोन छुपा दिये गये थे। इस सम्बन्ध मे थाना पहासू पर मुअस 232/24 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 04.09.2024 को स्वाट टीम देहात व थाना पहासू पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए अभियुक्त नवीन चौधरी को गबन किये हुए रूपये व एक मोबाईल फोन सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना पहासू पर मुअस 232/24 मे धारा 309(6) का लोप करते हुए धारा 217/316(4)/318(4) बीएनएस की वृद्धि करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. नवीन चौधरी पुत्र धर्मेन्द्र चौधरी निवासी ग्राम पैगम्बरपुर थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 44,060/- रूपये (गबन किये हुए)
2- 01 सैमसंग मोबाइल फोन

गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम देहात -

1- उ0नि0 लोकेश अग्निहोत्री प्रभारी स्वाट टीम देहात
2- है0का0 अरुण कुमार, है0का0 प्रदीप कुमार
3- का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 अजय सोलंकी, का0 विपिन कुमार

गिरफ्तार करने वाली थाना पहासू पुलिस टीम-

1- श्री रामफल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना पहासू।
2- उ0नि0 संजय सिंह, उ0नि0 आनन्द दुबे
3- है0का0 नीरज कुमार, का0 धर्मेन्द्र सिंह

मीडिया सेल बुलंदशहर